Computer

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या–1974 / 2024 / 8–3099 / 1736 / 2020
लखनऊ: दिनांक: 02 सितम्बर, 2024

## विज्ञप्ति

**विषयः–उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति।**

उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए भू–सम्पदा अधिनियम में निर्धारित मानदण्ड पूरा करने वाले इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की विज्ञप्ति संख्या–1737 / 2024 / 8–3099 / 1736 / 2020 दिनांक 05.08.2024 समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से दिनांक 07.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– उक्त विज्ञप्ति के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए भू–सम्पदा अधिनियम, 2016 की धारा–46(1)(सी) में निर्धारित मानदण्ड पूरा करने वाले इच्छुक योग्य व्यक्ति आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा आवास बन्धु की वेबसाइट https://awas.upsdc.gov.in एवं https://www.awasbandhu.in पर प्रदर्शित लिंक पर अब दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 08.09.2024 की रात्रि 12 बजे तक की अतिरिक्त अवधि में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र केवल ऑन लाईन स्वीकार किये जायेंगे। पृथक से प्रेषित किसी आवेदन पत्र / अभिलेख पर विचार नहीं किया जायेगा। विज्ञप्ति दिनांक 05.08.2024 के क्रम में आवेदन कर चुके व्यक्तियों को पुनः आवेदन किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

3– ऑन लाईन आवेदन पत्र के साथ आवेदक को समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ तथा स्वप्रमाणित घोषणा (जैसा कि आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है) संलग्न करना अनिवार्य है। अपीलीय अधिकरण में सदस्य (तकनीकी) के पद की अर्हता, सेवा शर्तें, पदावधि, वेतन भत्ते आदि के संबंध में विस्तृत विवरण भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम–2016 के अध्याय–7 तथा उत्तर प्रदेश भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) नियमावली–2016 के अध्याय–7 में देखा जा सकता है। उक्त अधिनियम एवं नियमावली उपर्युक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2/9/24

(डॉ0 नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव

GENERAL UO/2024-KP